देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 35 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**हंगामा हुआ, राजनीति हुई




# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 1 मई 2020




मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0°

33717.62

2 फेसबुक के बेताज बादशाह रहे मोदी

7 ऋषि कपूर ने लिए थे इंडिया के मजे

# चल कहीं दूर निकल जाएं...



## ऋषि कपूर का निधन, टूटकर बिखर गया बॉलिवुड

2 साल से कैंसर से जूझ रहे थे चींटू बाबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। बॉलिवुड के दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर इस दुनिया में नहीं रहे। ल्यूकेमिया से संघर्ष के बाद बृहस्पतिवार सुबह 8.45 पर हॉस्पिटल में शांति के साथ दुनिया छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार मरीन लाइंस चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर हो चुका है। लॉकडाउन को देखते हुए विधि जल्दी संपन्न कर दी गई। इस दौरान ऋषि के परिजनों और करीबियों सहित 24 लोग मौजूद रहे। उनकी बेटी रिद्धिमा दिल्ली से नहीं आ पाई। ऋषि का दाह संस्कार इलेक्ट्रिक मशीन से हुआ है।

**नहीं पहुंच पाईं बेटी रिद्धिमा:** ऋषि की बेटी रिद्धिमा की चार्टर्ड प्लेन से मुंबई आने के की तैयारी थी लेकिन डीजीसीए से परमिशन नहीं मिली। मुंबई पुलिस ने लॉकडाउन को देखते हुए आज ही अंतिम संस्कार की परमिशन दी थी। 3 बजे तक अंतिम संस्कार होना था लेकिन रिद्धिमा के नहीं पहुंच पाईं। पुलिस के और इंतजार न कर सकने की दशा में संस्कार शुरू किया गया था। अंतिम संस्कार की रस्में पूरी होने के बाद उनका दाह-संस्कार इलेक्ट्रिक मशीन से हुआ। श्मशान के अंदर एक कमरे में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया हुई।

**श्मशान में मौजूद रहे ये लोग**

अंतिम संस्कार में सिर्फ 24 लोगों के शामिल होने की इजाजत थी। अभिषेक बच्चन और 5 पुजारी वहां पहले से ही मौजूद थे। आदर जैन, आलिया भट्ट, सैफ अली खान भी वहां बाद में पहुंचे। नीतू कपूर, रणबीर, रीमा जैन, मनोज जैन, अरमान जैन, आदर जैन, अयान मुखर्जी, राहुल रवैल, करीना, सैफ अली खान, राजीव कपूर, रणधीर कपूर, नताशा नंदन, रोहित धवन, राहुल रवैल, अभिषेक बच्चन समेत कुल 24 लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### करीब आधे घंटे में हो गया अंतिम संस्कार

लॉकडाउन के चलते अंतिम संस्कार को जल्दी निपटाया गया। श्मशान घाट पर 3 बजे 5 पुजारी सामग्री के साथ पहुंच गए थे। इसके बाद 3.45 पर ऋषि का पार्थिव शरीर वहां पहुंचा। 4.17 पर परिजन क्रिया संपन्न करके बाहर आ गए। श्मशान के ऋषि के फैंस भी जमा होने लगे थे, जिन्हें पुलिस ने दूर किया है। शमशान घाट के तीनों रास्तों पर पुलिस ने बेरीकेडिंग की गई थी।

### यूएस में चला था इलाज

ऋषि कपूर को सितंबर 2018 में कैंसर डायग्नोस हुआ था। इसके बाद वह इलाज के लिए न्यू यॉर्क चले गए थे। उनके साथ उनकी पत्नी नीतू सिंह भी थीं। वहां लगभग 1 साल इलाज करवाने के बाद वह सितंबर 2019 में भारत लौटे थे।

### प्रतिभा के पावरहाउस का अवसानः पीएम

दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी शोक व्यक्त किया है। पीएम ने ट्वीट कर कहा, बहुआयामी, प्रिय और जीवंत ऋषि कपूर जी। वह प्रतिभा के पावरहाउस थे। मैं हमेशा उनके साथ मुलाकात को याद करूंगा। फिल्मों और देश की प्रगति के लिए उनमें पैशन था। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।

**परिवार ने कहा करें कानून का पालनः** डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ ने बताया कि वह आखिरी वक्त तक उनका मनोरंजन करते रहे थे। उनके जाने पर वे सब समझेंगे कि वह चाहते थे कि उन्हें मुस्कुराहट के साथ याद किया जाए न कि आंसुओं के साथ। हम उनके सभी फैंस और वेल-विशर्स और परिजनों के दोस्तों से दरख्वास्त करते हैं कि कानून का पालन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना पर ओछी राजनीति कर रहीं ममताः राज्यपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कोरोना संकट पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया है। राज्यपाल ने सीएम ममता बनर्जी द्वारा मीडिया को धमकाने और विपक्षी की तुलना गिद्ध से करने की कड़ी निंदा करते हुए करारा जवाब दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि सीएम मीडिया को डराना धमकाना बंद करें।

### सुको ने कोविड-19 उपचार पर दिशानिर्देश बदलने से किया इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गंभीर रूप से बीमार कोरोना वायरस के रोगियों के लिए उपचार दिशानिर्देश को बदलने के लिए कोई निर्देश देने से इनकार कर दिया है। इसके तहत रोगियों को मलेरिया-रोधी दवा हाइड्रोक्सी क्लोरोक्विन और एंटीबायोटिक एजिथ्रोमाइसिन का कॉम्बिनेशन दिया जाता है।

# मौलाना साद को पुलिस ने भेजा चौथा नोटिस

## कहा- सरकारी लैब में कराओ कोरोना की जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निजामुद्दीन तब्लीगी जमात के मुखिया मौलाना साद को दिल्ली पुलिस ने चौथी बार नोटिस भेजा है। पुलिस ने मौलाना साद को सरकारी लैब में कोरोना का टेस्ट कराने के लिए कहा है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों के हवाले से बताया कि मौलाना साद को चौथी बार नोटिस इसलिए भेजा गया है क्योंकि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है।

बता दें कि अभी हाल में ही तब्लीगी मरकज के प्रमुख मौलाना मुहम्मद साद के अधिवक्ता ने दावा किया था कि मौलाना ने निजी और सरकारी लैब से कोरोना की जांच कराई है। सभी रिपोर्ट नेगेटिव आई हैं। वकील ने यह भी दावा किया था कि जांच रिपोर्ट क्राइम ब्रांच को भी सौंप दी गई है।

**अधिवक्ता का दावा पूछताछ के लिए नहीं भेजा गया नोटिस**

मौलाना साद के वकील ने सोमवार को एक और पर्दाफाश किया था। उसका दावा है कि क्राइम ब्रांच ने अब तक साद को तीन नोटिस भेजे हैं। इनमें दो का जवाब वह पहले ही पुलिस को दे चुके हैं।

तीसरे का जवाब भी रविवार शाम को दे दिया गया। तीनों नोटिसों में मरकज, इसकी फंडिंग, बैंक खाते व आयकर, पैन नंबर आदि की जानकारी मांगी गई थी।

### मौलाना का दावा भूमिगत नहीं है वह

मौलाना मुहम्मद साद ऑडियो जारी कर बेटे और अधिवक्ता के जरिये लगातार दावा कर रहा है कि वह भूमिगत नहीं है। बल्कि, दिल्ली के जामिया थानाक्षेत्र स्थित जाकिर नगर में रह रहा है। वह पुलिस की निगरानी में है। लेकिन पुलिस उसे वहां जाकर नहीं पकड़ रही है और उत्तर प्रदेश के शामली स्थित फार्म हाउस व तब्लीगी मरकज में छापे मार रही है।

### बिहार सरकार ने केंद्र से की विशेष ट्रेन चलाने की मांग

पटना। लॉकडाउन के करीब 35 दिन बाद केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए शर्तों के साथ राज्यों को अनुमति दी है कि वे दूसरे राज्यों में फंसे अपने लोगों को वापस बुला सकते हैं। इस बीच बिहार के डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी का कहना है कि देश के दूरदराज इलाकों में फंसे बिहारियों को बस से बिहार लाना संभव नहीं है। उन्होंने ट्रेन चलाने की मांग की है।

बिहार के डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने कहा कि अगर महाराष्ट्र से बिहार के लोगों को बस से लाया जाए तो इसमें कम से कम 5 से 6 दिन का समय लग सकता है। ऐसे में उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि सूबे के बाहर फंसे लोगों को वापस लाने के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाए। सुशील मोदी ने कहा कि सिर्फ दिल्ली में ही 5 लाख लोगों ने बिहार सरकार के पास आवेदन दिया था जिन्हें राहत पहुंचाई जा रही है।

# देश में संक्रमितों की संख्या 33,050 पहुंची

■अब तक 1,074 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोविड-19 महामारी की वजह से 33,050 लोग संक्रमित हैं और बुधवार से अब तक 66 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 1,074 तक पहुंच गई। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना वायरस से संक्रमित 23,651 लोगों का इलाज चल रहा है जबकि 8,324 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और एक व्यक्ति देश से बाहर जा चुका है। देश में कुल संक्रमित लोगों में से 111 विदेशी नागरिक हैं। बुधवार से अब तक संक्रमण के कारण 66 लोगों की मौत हुई है जिनमें से 32 महाराष्ट्र में, 16 गुजरात में, 10 मध्य प्रदेश में, तीन उत्तर प्रदेश में, तमिलनाडु और दिल्ली में दो-दो जबकि कर्नाटक में एक व्यक्ति की मौत हुई। महाराष्ट्र में अब तक 432 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद गुजरात में 197, मध्य प्रदेश में 129, दिल्ली में 56, राजस्थान में 51, उत्तर प्रदेश में 39 और आंध्र प्रदेश में 31 लोगों की मौत हो चुकी है। तमिलनाडु में 27, तेलंगाना में 26, पश्चिम बंगाल में 22, कर्नाटक में 21 और पंजाब में 19 लोगों की मौत हो चुकी है।

मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, "हमारे आंकड़ों का मिलान आईसीएमआर से किया जा रहा है।"

# डब्ल्यूएचओ पर फिर भड़के ट्रंप

डब्ल्यूएचओ चीन की कठपुतली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को डब्ल्यूएचओ को चीन के हाथों की कठपुतलीश बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले डब्ल्यूएचओ के बारे में जल्द ही कुछ सिफारिशें लेकर आएगा और उसके बाद चीन के बारे में भी ऐसा ही कदम उठाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोरोना वायरस महामारी पर कहा, उन्होंने (डब्ल्यूएचओ) हमें गुमराह किया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के अपने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा, शहम जल्दी एक सिफारिश लेकर आएंगे, लेकिन हम विश्व स्वास्थ्य संगठन से खुश नहीं हैं। ट्रंप ने कोरोना वायरस फैलने में डब्ल्यूएचओ की भूमिका की जांच शुरू की है और संगठन पर महामारी के दौरान चीन का पक्ष लेने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति ने डब्ल्यूएचओ को अमेरिका से दी जाने वाली सहायता भी रोक दी है। यह जांच चीन की भूमिका देखेगी और साथ में यह भी पता लगाएगी कि कोरोना वायरस चीन के वुहान शहर में कैसे फैला।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in